Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to monitor the supply chain of fertilizers -laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): किसानो को फसलो के लिए खाद की आवश्यकता अनिवार्य रूप से रहती है ताकि वो अच्छी उपज दे सके । भारत सरकार ने नीम कोटेड यूरिया सप्लाई करना प्रारम्भ किया है तब से पिछले वर्षो में खाद की कोई कमी महसूस नही की गई थी तथा इसकी कालाबाजारी रूकी । परन्तु इस सीजन में यूरिया एवं डीएपी खाद की कमी मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा सहित आस पास के क्षेत्रो में दिखाई पड़ी है । हालांकि मंत्री महोदय से आग्रह करने पर अतिरिक्त रेक भी भेजी गई परन्तु कमी से निपटा नही जा सका । इसके लिए मै सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि खाद के निर्माण के साथ साथ उसकी सप्लाई को भी आवश्यक रूप से मॉनिटर किया जाय ताकि खाद की कृत्रिम कमी पैदा नही की जा सके तथा खपत वाले क्षेत्रो में अधिक आपूर्ति कर इस समस्या से किसानो को निजात दिलाई जाये ।